हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 19 मार्च 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

2 पलायन की समस्या पर बनी फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : संतोष



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** केन्द्र सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु 31 मार्च तक पंजीयन कर सकते है।

### युवक से मारपीट इलाज के दौरान मौत

**बिर्रा।** होली त्यौहार पर पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट की गई थी। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उक्त युवक की मौत हो गई। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम डभराखुर्द की है। पुलिस थाना बिर्रा के अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द के हीराधर पटेल पुत्र चित्रांश पटेल 21वर्ष खेती का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। होली के पर्व किसी काम से अपने मित्र अंकुर वैष्णव 27वर्ष पिता नरोत्तम वैष्णव के साथ ग्राम डोमाडीह गया था। चित्रांश पटेल और इनके दोस्त अंकुर वैष्णव जब 3बजे अपने ग्राम डभरा खुर्द पहुंचे कि गांव के बड़का तालाब के पास भुनेश्वर पटेल, मोहन पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, दरसराम पटेल, दयाराम पटेल, राजकेवट ने मिलकर चित्रांश पटेल और अंकुर वैष्णव से मारपीट करने लगा। घायल को शुक्ला हास्पीटल में ले जाया गया। जहां घायलवस्था को देखकर डाक्टर शुभम शुक्ला ने रिफर कर दिया। इसके बाद प्रत्यक्षदर्शी अंकुर वैष्णव ने मामले की जानकारी बिर्रा थाना को दी थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने 307का भादवि का मामला दर्ज किया गया। वहीं सभी आरोपी पुलिस की शिकंजा से फरार है।

## राज्यपाल ने ली जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

# पर्यावरण व जल संरक्षण पर राज्यपाल ने जताई चिंता, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका ने पर्यावरण व जल संरक्षण पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने अफसरों की बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन व भू-जल स्तर में वृद्धि हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करने व उनका उचित देखभाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का अत्याधिक महत्व है एवं प्रकृति का संतुलन बनाए रखने हेतु पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने जिले मे एक पेड़ मां के नाम, कैम्पा के तहत किये गये वृक्षारोपण की जानकारी ली तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं उसे संरक्षित करने कहा।

जिले के दौरे पर पहुंचे राज्यपाल श्री डेका ने मंगलवार 18 मार्च को प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने उन्होंने गिरते भू जल स्तर में वृद्धि हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग की उपयोगिता पर बल देते हुए शासकीय एवं निजी भवन में निश्चित रूप से बनाने के निर्देश दिए। साथ ही अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों के माध्यम से पेयजलापूर्ति और जल स्तर ऊपर उठाने की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन, वाटर शेड, महात्मा गांधी नरेगा, अमृत सरोवरो के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कार्य करने के से भू-जल स्तर बढेगा राज्यपाल ` जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं अभियान के संबंध में जानकारी ली और धरातल पर उचित क्रियान्वयन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।



एक पेड़ के तहत पौधरोपण करते राज्यपाल रमेन डेका।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि जिले का कोसा शिल्प प्रसिद्ध है इसे और अधिक पहचान देने के लिए कोसा वस्त्रों में नई तकनीक व डिजाइन को बढ़ावा दिया जाए जिससे देश-विदेश के लोग खासकर युवा वर्ग कोसा वस्त्रों के प्रति आकर्षित हो और इसके व्यापार को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि स्कूल, कालेज ड्रापआउट युवाओं को कौशल विकास से जोड़कर शिक्षा प्रदान की जाए तो ऐसे युवा रोजगार की ओर आगे बढ़ेगे और समाज के प्रति उनकी दिशा सकारात्मक होगी। राज्यपाल ने कहा कि किसानों को जैविक खेती से बहुत फायदा मिलेगा। इसके लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। जैविक कृषि में किसानों के विकास की असीम संभावनाएं है। उन्होंने जिले में टीबी के संबंध में चल रहे अभियान निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली और राजभवन की ओर से गरीब एवं जरूरतमंदों टीबी मरीजों को सहयोग देने की बात कही। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना से होने वाली जनहानि के रोकथाम हेतु जिला प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, एडीसी स्क्वा. लीडर निशांत कुमार, वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने ली सक्ती जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिला प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार 18 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राज्यपाल ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को प्रकृति को सहेजने और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा विभिन्न विभाग अंतर्गत एजेंडावार सभी बिंदुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके भेट कर स्वागत किया गया 1 बैठक में राज्यपाल द्वारा सर्वप्रथम जल जीवन मिशन अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली गई। राज्यपाल द्वारा जिले में कार्यरत भारत वाहिनी समूह के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई



तथा भारत वाहिनी समूह और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से विभिन्न गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को नशा, मद्यपान व नशीली सिरप के उपयोग के रोकथाम के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। राज्यपाल द्वारा जिले में कार्यरत स्व-सहायता समूह की भी जानकारी ली गई। राज्यपाल ने आयुष विभाग के अधिकारी को योग का शिविर ज्यादा से ज्यादा आयोजित कर आमजन को योग के लिए जागरुक करने कहा। इस अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा राज्यपाल रमेन डेका के प्रथम सक्ती जिला आगमन पर मोमेंटो भी भेट किया गया। जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, डीएफओ श्रीमती प्रियंका पाण्डेय सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



हादसे के बाद लगी लोगों की भीड़।

# बाइक सवार को बचाने के चक्कर में यात्री बस पलटी, 34 घायल

## शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

बरमकेला से बिलासपुर जा रही यात्री बस बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में 34 लोग घायल हो गए। इनमें से 7 लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 18 मार्च की सुबबह 9:30 बजे की है। बरमकेला से बिलासपुर की जा रही आदर्श बस शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस चालक ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे बस रफ्तार में होने के कारण में रोड पर ही पलट गई। बताया जा रहा है कि बस में 35 से 40 लोग सवार थे। इधर घटना के बाद बिलासपुर शिवरीनारायण मार्ग में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। वहीं घटना की सूचना पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना में घायल 34 लोगों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खरौद एवं पामगढ़ भेजा गया। इनमें से 7 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं 7 गंभीर घायलों में एक का पैर एवं दूसरे का हाथ टूटना भी बताया जा रहा है तो वही बाकी पांच को सिर में एवं शारीरिक चोटें आयी हैं। इससे एक माह पूर्व 19 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर के पास मेडिकल समानों से भरी माजदा गाड़ी की टायर फटने से पलटी हो गई थी। इससे 2 महीने पहले तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने गाड़ी को घर में घुसा दिया था। ग्राम लोहर्सी में गाड़ियों का रोड एक्सीडेंट का यह सिलसिला लगातार चल रहा है। इसके बावजूद लगाम नहीं लग पा रहा है।






## खबर संक्षेप



### साल भर बाद भी अधूरा है पूर्व माध्यमिक शाला का भवन

**चैतमा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोडकी के आश्रित मोहल्ला देवरभांठा का पूर्व माध्यमिक शाला जर्जर हो गया था जिसे देखते हुए वहां के माध्यमिक शाला भारत भवन में संचालित हो रहा था। जिस पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने पर शासन द्वारा डीएमएफ मद से 16 लाख 60 हजार रुपए स्वीकृत कर भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जिसका निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया था। उक्त भवन का निर्माण एक साल पूर्व शुरू हुआ था किंतु आज दिनांक तक उक्त भवन अधूरा है। जिसके चलते वहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं भारत भवन में पढ़ने को मजबूर हैं।

### जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान



**मड़वारानी।** बरपाली परियोजना के सेक्टर कोथारी के ग्राम नावापरा मे आंगनवाड़ी बाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा जनपद अध्यक्ष अशोका कंवर एवं जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा का सम्मान कार्यक्रम रखा गया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर माल्यार्पण श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसके पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का साल श्रीफल से सम्मान किया गया जिसमें सर्वप्रथम जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया तथा जनपद अध्यक्ष अशोक बाई द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोका बाई, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज झा, सरपंच कोथारी विश्राम कँवर, संजू वैष्णव कोथारी सेक्टर प्रभारी श्रद्धा सिंह राजपूत मड़वारानी सेक्टर प्रभारी हेमलता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सावित्री पैकरा द्वारा किया गया।

### चुनाव परिणाम आते ही समर्थकों पर हंगामा मचाने का आरोप

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेकी में चुनाव में हारे और जीते प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर हंगामा मचाया। ग्राम में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान सरपंच और उप सरपंच को परेशान किया जा रहा हैं। जिससे दोनों पक्षों में विवाद हुआ। रेकी के उप सरपंच ने एक निवासरत परिवार पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है। वर्तमान जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि पूर्व के कार्यकाल में जो गड़बड़ियां हुई है, अब वह उजागर होने वाली है। इसके साथ चुनाव हारने के बाद उन्हें और भी दिक्कत हो रही है। इन सब बातों की वजह से विवाद की स्थिति बनी हुई है। दोनों पक्षों के बीच विवाद होने पर हरदीबाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंच काफी मशक्कत के बाद उन्हें शांत कराया।

### श्री कपिलेश्वरनाथ मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शुभारंभ

**कोरबा।** शहर में आध्यात्मिकता और भक्ति का अनूठा संगम बनने जा रहा है। श्री कपिलेश्वरनाथ महिला मंडल सेवा समिति और नगरवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17 से 23 मार्च तक चलेगा, जिसमें भागवताचार्य पं. श्रीकृष्ण गौड़ शास्त्री कथा वाचन करेंगे। 17 मार्च की सुबह 10 बजे श्री कपिलेश्वरनाथ मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी।

---

### कलेक्ट्रेट में ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

# राज्यपाल ने आदिवासियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर दिया जोर




बैठक लेते राज्यपाल रमेन डेका व उपस्थित कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए जिले के ट्राइबल लोगों के

**खास बात**

- सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से स्टार्टअप, वृक्षारोपण, जल संचयन को बढ़ावा देने दिए निर्देश

सामाजिक और आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान देने सहित सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से स्टार्टअप, वृक्षारोपण, जल संचयन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने टीबी उन्मूलन जैसे अन्य योजनाओं का धरातल पर उचित क्रियान्वयन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके।

बैठक में राज्यपाल रमेन डेका द्वारा एजेंडावार सभी बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा व बिरहोर वर्ग के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उन्हें शासकीय योजनाओं से प्राथमिकता से लाभांवित करने के निर्देश दिए साथ ही ट्राइबल्स लोगों का सामाजिक व आर्थिक विकास हेतु विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने आदिवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु उन्हें उद्योग, कृषि, व्यापार जैसे अन्य व्यवसायों से भी जोड़ने की बात कही। कोरबा के आकांक्षी जिला होने के नाते केंद्र व राज्य प्रवर्तित योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक गम्भीरता से पहुँचाने एवं आमजनो के जीवन स्तर में बदलाव लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना से होने वाली जनहानि के रोकथाम हेतु जिला प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने एवं मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम हेतु जिले में नशीली सामग्रियों के परिवहन, भण्डारण व विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, कॉलेज में नशामुक्ति अभियान चलाने के लिए कहा। उन्होंने जिले में टीवी, एनीमिया, कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में कार्य करने और आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। वर्ष 2025 तक जिले को टीवी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। राज्यपाल ने पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटों में डोर टू डोर सर्वे कर उन्हें टीवी, कुष्ठ, एनीमिया जैसी बीमारियों के लक्षण व बचाव की जानकारी देकर जागरूक करने की बात कही। जिला प्रशासन को सार्वजनिक उपक्रमों के सहयोग से इच्छुक युवा उद्यमियों को स्टार्टअप प्रारम्भ करने हेतु मदद करने के लिए कहा।

#### कलेक्टर ने डीएमएफ से होने वाले कार्यों की दी जानकारी

बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले की उपलब्धियों एवं डीएमएफ के माध्यम से किए जा रहे नवाचार व विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीएमएफ से शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए है। 521 मानदेय शिक्षकों एवं पीवीटीजी वर्ग के 249 शिक्षित युवाओं को चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियोजित किया गया है। स्कूल, आश्रम छात्रावास व आंगनबाड़ियों में भोजन तैयार करने हेतु गैस सिलेंडर व रिफलिंग की व्यवस्था की गई है। माध्यमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में विद्यालय से पूर्व गर्म पौष्टिक नास्ता प्रदाय किया जा रहा है। 100 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को नीट व जेईई जैसे एंट्रेंस एग्जाम की प्रतिष्ठित संस्थान में निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है।

#### प्रेस क्लब परिसर में किया पौधारोपण




राज्यपाल रमेन डेका कोरबा प्रेस क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल एवं सचिव नागेंद्र श्रीवास सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने प्रेस क्लब परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने मानव जीवन मे वृक्ष के महत्व को बताते हुए सामी पौधे का रोपण किया और पौधे के उचित देखभाल करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने आमजनों को अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### ग्रामीणों एवं लोक कलाकारों से की भेंट



राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के प्रवास के दौरान ग्राम कुरूडीह पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से उनकी समस्याओं और योजनाओं के लाभ पर चर्चा की। ग्रामवासियों ने बताया कि उन्हें किसान समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। साथ ही, ग्रामीणों ने गांव में सड़क निर्माण की आवश्यकता को भी राज्यपाल के समक्ष रखा। इस पर श्री डेका ने आवश्यक कार्यवाही कार्यवाही कराने की बात कही। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकारों ने करमा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसे राज्यपाल ने सराहा और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

#### पीएम आवास हितग्राहियों से की चर्चा

राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम कुरूडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बने आवासों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से बातचीत की। राज्यपाल ने ग्रामीण हितग्राही चमरा सिंह कंवर से चर्चा की और उनके आवास निर्माण की जानकारी ली। हितग्राही ने बताया कि उन्हें तीन किश्तों में 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने पक्की छत, पक्के कमरे और किचन का निर्माण कराया। साथ ही, योजना के तहत शौचालय भी बनाया गया, जिससे उनके परिवार को बड़ी सुविधा मिली। अपने पक्के घर का सपना पूरा होने पर श्री कंवर ने सरकार का आभार व्यक्त किया।

---

# कटघोरा नगर पालिका में कांग्रेस का कब्जा, लालबाबू बने उपाध्यक्ष



उपाध्यक्ष निर्वाचन के दौरान उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष व कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के 5 नगरीय निकायों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष में भाजपा का कब्जा होने के बाद कटघोरा नगर पालिका परिषद में भारतीय जनता पार्टी को निराशा हाथ लगी है जिले के 5 नगरीय निकाय में भाजपा और कांग्रेस गढ़ रहे कटघोरा नगर पालिका परिषद में यहां पर अपनी सेंध मारने से चूक गए। यहां अध्यक्ष पर कांग्रेस का कब्जा होने के बाद उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस ने फिर से बाजी मारते हुए उपाध्यक्ष पद पर भी कब्जा कर पाने में बड़ी सफलता हासिल की है। ज्ञात हो कि कटघोरा नगर पालिका में 15 पार्षदों में 9 पार्षद कांग्रेस के थे तो वही भाजपा के 5 पार्षद व 1 निर्दलीय पार्षद जो भाजपा प्रवेश कर चुकी थी। इस प्रकार से भाजपा के कुल 6 वोट थे और एक वोट अध्यक्ष का भी था इस प्रकार से कुल 16 मत हुए आज हुए चुनाव में कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रत्याशी 9 मत प्राप्त करते हुए 2 मतों से जीत हासिल किया।

#### चाचा-भतीजा मिलकर विकास का लिखेंगे नया अध्याय

कटघोरा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर ने मीडिया से कहा कि अध्यक्ष राज जायसवाल मेरे राजनीतिक गुरु हरीश परसाई व संरक्षक के तौर पर हमेशा मेरे साथ रहे राजीव लखनपाल से हमेशा सहयोग मिला और आज मैं उपाध्यक्ष बना। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष राज जायसवाल और मैं वार्ड क्रमांक 8 के वार्डवासी है और मैं वर्तमान में इसी वार्ड से पार्षद का चुनाव जीता हूं। अब चाचा भतीजा की जोड़ी कटघोरा नगर को आने वाले 5 वर्षों में विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे साथ वार्ड की जनता अभिलासा को पूरा करेगी सभी वार्डों में मिलकर काम करेंगे तथा बिना द्वेष की भावना के जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# पलायन की समस्या पर बनी फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा में पुलिस की सेवाएं देने के बाद कला संस्कृति और फिल्म

**खास बात**

- छग में केरल, महाराष्ट्र और कश्मीर की पटकथाओं को टैक्स फ्री

निर्देशन व कहानीकार के रूप में पहचान बना चुके छत्तीसगढ़ी फिल्म झन जाबे परदेश के डायरेक्टर व प्रोड्यूसर संतोष तिवारी ने प्रेसवार्ता में कहा कि बड़े दुख का विषय है कि छत्तीसगढ़ में सैंकड़ों की तादाद में बन रही अच्छी पटकथाओं की फिल्मों की कहानी को नजर अंदाज कर दीगर प्रदेश की समस्याओं पर बनने वाली फिल्म कश्मीर फाईल, केरला स्टोरी और छावा फिल्मों को टैक्स फ्री कर दिया जाता है लेकिन छत्तीसगढ़ के ज्वलंत समस्या पलायन और दूसरे प्रदेशों में बंधुआ मजदूर जैसी समस्याओं का दंश झेल रहे व अंधविश्वास सहित टोनही प्रताडऩा पर बनने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्मों को टैक्स फ्री के दायरे से दूर रखा जाता है जो छत्तीसगढ़ के कलाकारों और सिनेप्रेमियों के साथ अन्याय है। संतोष तिवारी ने अपनी




फिल्म के बारे में बताते हुए कहा कि 150 से भी अधिक कलाकारों के साथ बनी झन जाबे परदेश की शूटिंग पलायन की समस्या से ग्रस्त ग्रामों के आसपास की गई है। फिल्म के अभिनेता अजय पटेल, अभिनेत्री रितु विश्वकर्मा, सह अभिनेत्री आराध्या सिन्हा ने अब तक 50 से भी अधिक फिल्मों में कार्य किया है। इसके अलावा बाबा देवांगन, मोहित कुमार, रतन कुमार, देवव्रत नाथ, घनश्याम, नायरा खान, मानस रंजन पात्र ने फिल्म में बेहतर प्रस्तुति दी है। निर्माता, निर्देशक संतोष तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों और उसके कलाकारों के लिए सरकार में बैठे लोगों ने बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की है लेकिन अब तक जमीनी हकीकत कुछ और ही है। श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश के सहयोग से छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माण में जुड़े लोगों और कलाकारों के लिए बेहतर कार्ययोजना जरूर बनाई गई है लेकिन इसका लाभ अब तक नहीं मिला है। आने वाले दिनों में अपेक्षाएं की जा सकती है।

# स्कूलों के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने जाएंगे औषधि नियंत्रक विभाग के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्राइमरी और मिडिल स्कूल में बनने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के जांच के लिए बनाई गई टॉस्क फोर्स टीम में खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। एक पखवाड़े पूर्व शिक्षकों की टीम ने दो स्कूलों का जब निरीक्षण किया तो तमाम तरह की खामियां मध्यान्ह भोजन में मिली। उसके बाद से गुणवत्ता जांचने का निर्णय लिया गया।

जिले के 19 सौ से अधिक प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है जिसकी जवाबदारी स्व सहायता समूहों को दी गई है। कई स्कूल ऐसे हैं जहां एक स्व सहायता समूहों को एक से अधिक स्कूलों की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके द्वारा स्थानीय महिला कर्मचारियों को काम पर रखा गया है। जिनके द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाए जाने का कार्य किया जाता है जिसमें कई बार पौष्टिक भोजन नहीं मिलता और न ही सरकार द्वारा तय किए गए मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन दिया जाता है। इससे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर पहले से ही सवाल खड़े हो रहे हैं। इसे लेकर कई बार शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन तक शिकायतें पहुंची हैं। पिछले दिनों पीएम पोषण शक्ति अभियान अंतर्गत शहर के दो स्कूल पीडब्ल्यूडी और अंधरीकछार स्कूल का निरीक्षण किया गया तो मध्यान्ह भोजन बनाने के स्थान में साफ सफाई नहीं होना एवं बर्तनों की सफाई तथा रख रखाव पर भी खामियां निरीक्षण दल को मिली थी। जिसका प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी उच्च स्तर की नहीं है जिसके लिए प्रशासन द्वारा गठित जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की टीम में खाद्य एवं औषधि नियंत्रक विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया है ।

# एसईसीएल आवास की छत का गिरा प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कॉलोनियां मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो गई है। जिससे आए दिन कुछ ना कुछ हादसे हो रहे हैं। इसी तरह कुसमुंडा आदर्श नगर स्थित एसईसीएल की कॉलोनी के बी/476 नंबर मकान के छत का प्लास्टर भरभराकर अचानक नीचे गिर गया। घटना का सुखद पहलू रहा कि हादसे के समय घटनास्थल पर कोई नहीं था अन्यथा बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। मकान में रह रहे एसईसीएल कर्मी ने बताया कि इस संबंध में सिविल विभाग से कई बार शिकायत की लेकिन विभागीय अधिकरियों की लापरवाही के कारण मकानों की मरम्मत अब तक नहीं हो सका है। जिसके कारण आदर्श नगर,नेहरु नगर और विकास नगर के कई मकानें जर्जर हो चुकी है। अगर ऐसा ही हाल रहा तो आने वाले समय में बड़ा हादसा हो सकता है।

### दो बैटरी की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** निर्माण कार्य के कैंप से अज्ञात चोरों ने दो बैटरी की चोरी कर ली। कैंप इंचार्ज की शिकायत पर करतला पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और जांच कर रही है। नोनबिर्रा में निर्माण से जुड़ी कंपनी के द्वारा अपना कैंप स्थापित किया गया है। क्षेत्र में कैंप संचालित है जहां पर निर्माण सामग्री के अलावा अन्य सामान रखे गए हैं। कामकाज से संबंधित कर्मचारियों के लिए भी व्यवस्था की गई है। रात्रि में जीव जंतुओं के खतरे को ध्यान में रखते हुए यहां वैकल्पिक प्रकाश के लिए बैटरी का प्रबंध किया गया है। इन्हीं में से दो बैटरी की चोरी होली की रात असामाजिक तत्वों ने कर ली।

**NAME CHANGE NOTICE**

It is informed to the General Public that I AM VIKAS KUMAR SAHU S/O SHYAM SUNDAR SAHU, RESIDENT OF-61, WARD No.04, Bhathapara, Jarwe ch, Dist-Janjgir-champa, Chhattisgarh my Old Name is VIKAS KUMAR, SO IN FUTURE I SHOULD BE RECOGNIZED by my new name that is VIKAS KUMAR SAHU S/O SHYAM SUNDAR SAHU IN ALL GOVERMENT AND OTHER DOCOMENT

**affidavit**
**VIKAS KUMAR SAHU**
**S/O SHYAM SUNDAR SAHU**
**61,WARD No.04,**
**Bhathapara, Jarwe ch,**
**Dist-Janjgir-champa,**
**chattisgarh**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक-202412310200007/B-121/2024-25 ग्राम-साकिन कान्होकोट पो. देवरघटा, तहसील डभरा

आवेदक सुरेन्द्र कुमार उम्र 21 वर्ष 05 माह पिता श्री भरथरी, निवासी ग्राम तुलसीडीह पोस्ट कुसमुल थाना चौकी फगुरम, तहसील मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका श्रीमती सुनीता साहू, उम्र 20 वर्ष पिता श्री सुखराम साहू, निवासी ग्राम कान्हाकोट पोस्ट देवरघटा थाना चौकी फगुरम तहसील डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.) **विरूद्ध** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम कान्हाकोट पो. देवरघटा, थाना चौकी फगुरम तहसील डभरा को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक सुरेन्द्र कुमार उम्र 21 वर्ष 05 माह पिता श्री भरथरी, निवासी ग्राम तुलसीडीह पोस्ट कुसमुल थाना चौकी फगुरम, तहसील मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका श्रीमती सुनीता साहू, उम्र 20 वर्ष पिता श्री सुखराम साहू, निवासी ग्राम कान्हाकोट पोस्ट देवरघटा थाना चौकी फगुरम तहसील डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के तहत अनुज्ञापित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 11/04/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 05/03/2025
रा.प्र.क्र. 202503063100012/ब-121
ग्राम धनगाँव प.ह.नं. 8

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक पुरुषोत्तम दिवाकर पिता गोपाल जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम धनगाँव थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने माता सावित्री बाई पति गोपाल का मृत्यु दिनांक 19/12/2018 को ग्राम धनगाँव पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम धनगाँव में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 20/03/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फेलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग — 24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोराइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## खबर संक्षेप



**हसौद।** पहली बार नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती श्यामाबाई एवं उप सरपंच संतोष कुमार कश्यप की अगुवाई में महिलाओं को ग्रामवासियों के साथ पारंपरिक ढंग से होलिका दहन स्थल में ले जाकर होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### प्राथमिक शाला भागोडीह में बच्चों को कराया न्योता भोज



**चांपा।** शासकीय प्राथमिक शाला भागोडीह में पूर्व में पदस्थ शिक्षिका शशिकांत नेताम द्वारा स्कूली बच्चों को न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोजन में बीईओ एम डी दीवान , बीआरसी हीरेन्द्र बेहार , धन्यकुमार पांडेय , मीनाक्षी मानसर , ममता जायसवाल , रश्मि मिश्रा , मंजूलता साहू एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शामिल हुए । प्रधान पाठक गीतिका गबेल एवं उनके स्टाफ ने अतिथियों के साथ बच्चों को स्वादिष्ट गर्म भोजन परोसा । न्योता भोज में खीर ,पोड़ी, बड़ा , सब्जी , मीठा , सलाद पापड़ खिलाया गया। इस अवसर पर बीईओ ने कहा कि न्योता भोज का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास , भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है।

### बसंतपुर में अखंड नवधा रामायण आज से

**बिर्रा।** ग्राम बसंतपुर में अखंड नवधा रामायण का आयोजन बुधवार 19 मार्च से किया गया है। शुभारंभ कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ होगा। यह 9 दिन एवं 9 रात लगातार चलेगा। व्यास आचार्य कन्हैयालाल दुबे होंगे। इस दौरान मानस ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है। फाइनल प्रतियोगिता गुरुवार 27 मार्च को रात्रि 8 बजे से होगा। प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 7 हजार रुपए दिया जाएगा है। ज्योति रक्षक एवं बैगा दादूराम मांझी को बनाया गया है । कथा विश्राम, चढौत्री, सहस्त्रधारा एवं पूर्णाहुति और ब्राह्मण भोज 28 मार्च को होगा।

### शिव महापुराण की कथा का हुआ समापन



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम जर्वे पीथमपुर में 4 मार्च से आयोजित सार्वजनिक शिव महापुराण कथा का समापन 11 मार्च को हुआ। यह आयोजन ग्राम जर्वे के लोगों द्वारा जन कल्याण, ग्राम , देश व राष्ट्र हित में सनातन धर्म के प्रचार हेतु आचार्य देवकृष्ण महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। यजमान के रूप में कौशिल्या-जीवन लाल साहू, सुमित्रा बाई-रामकुमार यादव एवं किरण-नारायण साहू सार्वजनिक रूप से भगवान श्री शिव जी की कथा पर बैठे। ग्राम सरपंच कमल कश्यप द्वारा बताया गया कि आये दिन ग्राम में कुछ न कुछ धार्मिक कार्यक्रम हमेशा होता रहे ताकि आने वाले दिनों में भी बच्चों के प्रति सनातन धर्म में आस्था जागृत होता रहे। आचार्य देवकृष्ण महाराज टेमर के द्वारा कथा का श्रवण कराया गया। शिव महापुराण कथा में अमर कश्यप, गोपाल कश्यप, योगेश कश्यप, विजय साहू रामप्रसाद यादव, रामायण साहू, उत्तरा कुमार साहू, रामलाल साहू, महेश कश्यप, अश्वनी साहू, तिरीथ रघुनन्दन साहू, किशन साहू, जय गोपाल यादव सहयोग किये ।

### हास्य कलाकार बाबूलाल को दी गई श्रद्धांजलि



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के हास्य कलाकार बाबूलाल सेन को जांजगीर के कलाकारों द्वारा और गणमान्य नागरिकों द्वारा शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें सभी आगंतुकों ने बाबूलाल सेन के संदर्भ में अपने अनुभव को साझा किया और दुखी मन से भगवान के शरण में लेने की प्रार्थना की। बाबूलाल सेन का जाना महज जांजगीर नहीं छत्तीसगढ़ सिनेमा के एक अपूर्ण क्षति है। 30 40 वर्षों से रंगमंच से जुड़े हुए कलाकार का यूं अचानक चले जाना निश्चित रूप से जांजगीर की अपूर्ण क्षति है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबूलाल सेन के चित्र में माल्यार्पण कर फूलों से श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात आगंतुकों ने अपने-अपने विचार रखें । श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जांजगीर के कलाकार और छत्तीसगढ़ी फिल्म के प्रोड्यूसर डायरेक्टर ज्ञानेश तिवारी, छत्तीसगढ़ फिल्म के कलाकार विनोद उपाध्याय, गिरधारी यादव, सुशील सिन्हा, पूर्व पार्षद विवेक सिसोदिया, संजू नामदेव, संजू सोनी, अमित अम्बष्ट, रेवती रमन सिंह सहित सेन परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

भाजपा जिला कार्यालय में जांजगीर-चाम्पा विधान सभा के कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह

# समता, ममता व समरस्ता का त्योहार है होली : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी विधान सभा क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा के कार्यकर्ताओं का गत दिवस होली मिलन समारोह जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजनीति के क्षेत्र में हमसब लोग एक परिवार की तरह कार्य करते है। अतः आज का यह होली मिलन समारोह हम सब लोगों के बीच एक पारिवारिक कार्यक्रम है।

होली की महत्ता को उन्होंने ऐतिहासिक व हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा कि यह पवित्र त्योहार रंगो व गुलालों का त्योहार है। हम सब लोग इसे मिल जूलकर मनाते है तथा सम्पूर्ण समाज एक रंग में रंगा हुआ दिखाई देता है। श्री चंदेल ने कहा कि यह पर्व सम्पूर्ण समाज में समता, ममता, व समरस्ता के भाव को और अधिक मजबूत बनाता है। श्री चंदेल ने पूरे विधान सभा क्षेत्र से आये कार्यकर्ताओं को होली की बधाई एवं शुभकामनाऐं देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। श्री चंदेल ने आगे कहा कि भाजपा को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने का संकल्प आज हमसब ले। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अत्यंत ही शालीनता पूर्व माहौल में सम्पन्न इस कार्यक्रम में नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, भाजपा जिला महामंत्री पुरूशोत्तम शर्मा, इंजी. रवि पाण्डेय, पूर्व नपाप. अध्यक्ष मोतीलाल डहरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, भाजपा जांजगीर-नैला नगर मंडल अध्यक्ष आषुतोश गोस्वामी, नगर पालिका



होली मिलन समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल।

उपाध्यक्ष मोहन लाल यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कांता कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, अमर सुल्तानिया, धर्मेन्द्र शर्मा, नवीन राठौर, अरूण झझड़यिा, पार्षद दिनेश राठौर, उमेश राठौर, रामचंद्र गोपाल, नंदलाल यादव, हितेश यादव, अजीत गढ़ेवाल, गुड्डू कहरा, सुनील कश्यप, रघु कश्यप, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, जनपद उपाध्यक्ष बलौदा षिषुपाल सिंह, श्रीमती संतोशी दुबे, श्रीमती प्रेमलता कौशिक, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति देवी सिंह, श्रीमती नंदनी रजवाड़े, जि.पं. सदस्य श्रीमती प्रियंका पुश्पेन्द्र सिंह, श्रीमती दुलौरिन चौरसिया, श्रीमती पूजा राठौर, रिया यादव, श्रीमती सविता गढ़ेवाल, श्रीमती अंजू कहरा, श्रीमती रजनी कहरा, डॉ. धनेष्वरी जागृति, निन्नी लदेर, श्रीमती संजीता माली, श्रीमती प्रतिमा डेहरे, चाम्पा मंडल अध्यक्ष संतोश थवाईत, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, जांजगीर-ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच धजाराम साहू, भुवनेष्वर साहू, प्रेमषंकर थवाईत, सरपंच अजय राठौर, दिनेश राठौर, अकाष सिंह, सुनील भवानी, विद्यानंद बंजारे, भागीरथी कष्यप, रामखिलावन साहू, राजू कष्यप, राजाराम सिहानी, षिवगोपाल कष्यप, आषीश साव, रवि जैन, पुश्पेन्द्र निर्मलकर, ष्याम चंदेल, रमेष कष्यप, डंकेष्वर यादव, अनुज राम कुर्मी, अश्वनी साहू, महावीर सोनी, राजेन्द्र तिवारी, योगेश अग्रवाल, रोहित शर्मा, शिवचमन सिंह, प्रदीप सोनी, विकास शर्मा, गिरीश मोदी, गजानंद ध्रुव, छबी कश्यप, रितेश मोनू अग्रवाल, सतीष शर्मा, अमर सिंह गोड़, सुषील सिंह, चुन्नी राठौर, राकेष रूपवानी, ओमप्रकाश तिवारी, हरदेव टण्डन, मणीकांत अग्रवाल, भागवत यादव, जगदीश बंजारे, गोलू दुबे, गोपी यादव, गजेन्द्र सिंह, पिंकल माली, संतोश अग्रवाल, शंकर कौशिक, प्रेम धीवर, गणेश जलतारे, नरेन्द्र साहू, अकाश सिंह, तरूण महंत, प्रवीण अग्रवाल, लक्ष्मीकांत सारथी, प्रदीप राठौर, विकास श्रीवास, मयंक परमहंश, दाऊलाल चंद्रा, अरविंद राठौर, खुषाल कष्यप, प्रमोद कश्यप, निरज यादव, राकेश कहरा, हरि सोनवानी उपस्थित थे।

## टीसीएल महाविद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित



**जांजगीर चांपा।** शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा डी आर लहरे ने कहा कि होली रंगों का पर्व है। यह उत्साह के साथ मनाया जाता है। इससे सामाजिक सद्भाव भी बढ़ता है। प्रो आरएस भगत ने होली की पौराणिकता पर प्रकाश डाला और भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। डॉ एसके मधुकर ने कहा कि होली हमें आपसी भाईचारा का संदेश देता है। यह भेदभाव से परे सद्भावना का पर्व है। कार्यक्रम बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सुधीर दुबे ने होली त्यौहार के प्राचीन और वर्तमान स्वरूप की जानकारी दी। डा ईश्वरी सूर्यवंशी ने कहा कि होली विविध रंगों का पर्व है यह हमें आपसी भाईचारा का संदेश देता है।हिंदी विभाग के संयोजकत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डॉ कोमल शुक्ला ने और आभार प्रदर्शन प्रो पूर्णिमा सूर्यवंशी ने किया। इस दौरान छात्र छात्राओं और प्राध्यापकों व कालेज स्टाफ ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्रा व प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## रिंगनी में धूमधाम से मना होली नगाड़े की थाप पर थिरके युवा

**गोधना।** ग्राम पंचायत रिंगनी सहित विभिन्न गांवों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही सड़कों पर युवाओं की टोलियां अपने दोस्तों के साथ गुलाल उड़ाती देखी गई। ग्राम पंचायत रिंगनी में होलिका दहन के एक दिन बाद यानी शुक्रवार को क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली पर्व उत्साह के साथ शांति पूर्ण संपन्न हुआ। ग्राम



पंचायत रिंगनी, बोरदा, कामता, कुकदा, बेल्हा में गुरूवार की बीती रात होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन रंगों की होली खेली गई। शाम के वक्त लोगों ने घूम-घूमकर एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर। ग्राम पंचायत रिंगनी में शांति व सौहार्द से होली मनी। महिलाओं में भी दिखा उत्साह के अलग अलग क्षेत्रों में उमंग व उत्साह के बीच रंगों का त्योहार होली शांति एवं सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष खासकर युवाओं में होली को लेकर काफी उत्साह देखा गया। ग्राम पंचायत रिंगनी के रामपुर पारा में रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। होली के दिन नगाड़े एवं मादर की थाप पर दिनभर युवक थिरकते रहे। बुजुर्गों व नौजवानों की टोली ने एक दूसरे के घर पहुच पारंपरिक होली गीत गाकर होली के विलुप्त होते परम्पराओं को जीवंत रखने की कोशिश की। वही शाम होते ही सभी लोग स्नान कर घर से निकलकर कर बड़े बुजुर्गों को गुलाब लगा कर आशीर्वाद लिया। सुरक्षा के मद्देनजर शिवरीनारायण पुलिस गश्त करती रही।

# फाग गीतों पर थिरकते नजर आए नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक, आध्यात्मिक तथा व्यापारिक नगरी व रामायण कालीन भक्तशिरोमणि माता शबरी की पावन धरा टेम्पल सिटी शिवरीनारायण के मेला मैदान में वृंदावन में मनाए जाने वाली होली की तर्ज पर भव्य

- **नगर पंचायत ने शिवरीनारायण मे वृंदावन की भांति होलिका दहन महोत्सव का किया आयोजन**

होलिका दहन का आयोजन हुआ। होलिका दहन महोत्सव में शामिल होने रात्रि 9 बजे से लोग नगर पंचायत कार्यालय के सामने मेला मैदान पहुंचने लगे।

रात्रि लगभग 10 बजे सद्गुरु श्री रितेश्वर जी पीठाधीश्वर वृंदाधाम को आनंद धाम आश्रम शिवरीनारायण से कीर्तन मंडली के साथ लोग नाचते- गाते मेला मैदान पहुंचे। जहां नगर पंचायत शिवरीनारायण के नव निर्वाचित अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष व कई पार्षदों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर रितेश्वर महाराज ने भगवान श्रीनारायण के प्रति भक्त प्रहलाद की अटूट



होलिका दहन कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासी एवं अन्य लोग।

भक्ति और विश्वास पर प्रकाश डालते हुए होलिका दहन के महत्व को बताया। तत्पश्चात वृंदावन धाम पीठाधीश्वर रितेश्वर महाराज की उपस्थिति में होलिका दहन किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से रितेश्वर पीठाधीश्वर वृंदावन धाम सहित नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत, उपाध्यक्ष सरस्वती यादव तथा नवनिर्वाचित कई पाषर्द सहित नगर तथा रायपुर, बिलासपुर ,जांजगीर , कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा तथा अनेक राज्यों से जनमानस उपस्थित थे। होली दहन में 5 टन कच्ची व सुखी लड़कियों सहित अनेक कंडे होलिका को समर्पित किए गए। यहां उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फाग की मधुर गीत-संगीत पर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर नगर पुलिस की भी चौकसी रही। इसके साथ ही नगर के अनेक स्थानों पर भी पूजा अर्चना कर पारंपरिक रूप से होलिका दहन किया गया। दूसरे दिवस 14 मार्च को प्रातः काल से ही नगर के युवक-युवतियां, बच्चे सभी वर्ग के लोगों ने खूब होली खेली। होली के पावन पर्व पर नगर में शांति व्यवस्था बनी रही। चौक-चौराहों पर पुलिस जवान तैनात किए गए और नगर में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की गई।फलस्वरुप नगर में होली उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## खम्हिया में धूमधाम से मनाई गई होली

**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत खम्हिया में होली का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। रंगों के इस त्योहार में गांव के लोगों ने एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। होली से एक दिन पहले होलिका दहन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की और बुरी शक्तियों के नाश की कामना की। होली के दिन सुबह से ही गांव के लोग टोली बनाकर नाचते-गाते हुए एक-दूसरे के घर पहुंचे और गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाएं भी पारंपरिक परिधानों में नजर आईं और फाग गीत गाकर त्योहार की रौनक बढ़ाई। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने प्रेम और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिससे होली का उल्लास और भी बढ़ गया।



# आपसी मतभेद भुलाकर एकता का संदेश देता है होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

देवांगन विकास समिति चांपा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी

- **देवांगन विकास समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित**

वर्गों ने एकत्रित होकर एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली का पर्व बड़े ही उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया।

समिति के अध्यक्ष ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी मतभेद भुलाकर एकता और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश देता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखते हुए हर वर्ष इसी भावना के साथ होली का उत्सव



होली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन।

मनाएं। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण, विभिन्न सामाजिक विषयों और समसामयिक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, सभी नव निर्वाचित देवांगन पार्षदगण, समाज के वरिष्ठजन, नवयुवक, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य, सलाहकार और संरक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने मिलकर रंगों के इस पर्व का आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आयोजन को सफल बनाने के लिए देवांगन विकास समिति, चांपा के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने विशेष योगदान दिया।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में विविध कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वार्ड क्रमांक 17 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में ईसीसीई दिवस मनाया गया। हर माह थीम आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनके उम्र के अनुसार सीखने सिखाने पर काम किया जाता है, जिससे बच्चों का उम्र अनुसार सर्वांगीण विकास हो सके।

इस अवसर पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों के माता-पिता का सम्मेलन आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ता ने उन्हें कि खेल खेल के माध्यम से अपने बच्चों को घर पर भी कैसे सीखने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। बच्चे गतिविधियों द्वारा कैसे सीखे यह भी विस्तार पूर्वक बतलाया गया, वहीं माता पिता अपने बच्चों को स्वयं



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे एवं पालक।

कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करे, जिससे वह खेल के माध्यम से रूचि पूर्ण तरीके से सीख सके। इस अवसर पर 6 माह पूर्ण कर चुके तीन बच्चों का अन्नप्रासन खीर खिलाकर और गिलास कटोरी और चम्मच प्रदान कर कराया गया। साथ ही दो गर्भवती महिला फागुनी कहरा और अपर्णा द्विवेदी का गोद भराई कराया गया। रंग पंचमी मनाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सारिका राठौर, मालती, ज्योति राठौर, किरण, बिना, सेवानिवृत्त शिक्षक रानी थवाइत,देव कुमारी जयंती धीवर और मोहल्ले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# समय अनुसार चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़े महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेरी युवा बहनों संगठन की समस्त बहनों ने नगर पंचायत बलौदा के नगरीय निकाय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती कविता

- **मेरी युवा बहनों संगठन ने किया नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान**

डहरिया एवं पार्षद गणों का अभिनंदन सम्मान किया।

बलौदा नगर में आयोजित मेरी युवा बहनों संगठन सोनार समाज बलौदा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के प्रथम नागरिक के रूप में निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती कविता डहरिया एवं पार्षद भीखम सिंह, श्रीमती राखी कुर्रे, श्रीमती सुनीता देवांगन सहित श्रीमती ममता गुप्ता, श्रीमती माधुरी सोनी, श्रीमती सावित्री सोनी, श्रीमती रजनी सोनी,



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

धनबाई देवांगन, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने श्री राम दरबार का पूजन, दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन में मंच संचालन कर रही श्रीमती रेवती सोनी ने सभी का अभिनंदन करते हुए संगठन एवं नगर के अन्य महिलाओं द्वारा अध्यक्ष का सम्मान कराते हुए उन्हें नगरीय चुनाव में विजयी होने पर शुभकामनाएं दी। स्तुति नृत्य श्रीमती रजनी एवं भगवती सोनी के द्वारा श्री राम जी का अभिवादन सहित श्रीमती राधा सोनी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया । साथ ही भावभीनी होली नृत्य से श्रीमती रश्मि एवं रीना ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े हुए नगर में कार्य करने वाली समस्त स्वच्छता दीदी का सम्मान एवं अभिनंदन पुष्पमाला एवं उपहार से नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समस्त अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में संगठन सदस्य श्रीमती रामेश्वरी सोनी, संगीता सोनी ने इसकी सार्थकता और महत्व के बारे में अपना उद्बोधन दिया। नगर पंचायत कविता डहरिया के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए एवं महिलाओं को आगे जाकर नेतृत्व करने की बात कही। उन्होंने सभी महिलाओं को समय के अनुसार चुनौतियों को स्वीकार करने और उसे पर कार्य करने की प्रेरणा दिया। संगठन परिवार ने स्वच्छ भारत मिशन पर नृत्य प्रस्तुत कर उनके कार्य को श्रेष्ठ कार्य होने का गौरव और महत्व बताया। संगठन ने द्वितीय वर्षगांठ पर संगठन सदस्य श्रीमती रामेश्वरी एवं नम्रता सोनी को भी वार्षिक प्रेरणास्पद कार्य एवं विचार हेतु सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती रजनी सोनी ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती सत्यप्रिया, माधुरी, कविता, सोना, ज्योति, रानी, लुभावनी, बोधनी सरस्वती रुचि, मंदिरा, त्रिवेणी, उषा, भगवती सहित अन्य महिलाएं शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

खरौद, गिधौरी, शिवरीनारायण के सरकारी कर्मचारी ,सेवा निवृत्त कर्मचारी ने एक साथ रंग गुलाल से होली मनाया। इसमें 25 से अधिक जोड़े सपत्नीक शामिल हुए। इस अवसर पर सबने माइक में परिचय दिया ,कुछ ने होली गीत गाए, और कुछ ने कविता सुनाया। इस अवसर पर सैकड़ों संख्या एकल, युगल उपस्थित थे। कैफेटेरिया क्वीन में प्रथम श्रीमती रोशनी उमेश सोनी, द्वितीय- श्रीमती दुर्गा सत्यनारायण यादव, तृतीय- श्रीमती शीला टिकेश देवांगन को सम्मानित किया गया। कुल 40 परिवार के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से महेश सोनी, शंकलाल आदित्य, ओमप्रकाश शर्मा, बेदराम यादव , बसंत देवांगन, हेमलाल यादव,



रेशम लाल यादव, रतन लाल, नंदलाल साहू ,कोमल प्रसाद साहू, रामखिलावन साहू, उमेश सोनी, अरविंद तिवारी, बलराम नोनिया, मनोज तिवारी, योगेन्द्र सोनी, महात्मा सोनी , रामगोपाल साहू घनश्याम साहू, बालमुकुंद सोनी, टिकेश चंद्र देवांगन,मोहन प्यारे देवांगन, प्रकाश चंद्र सोनी ,सुश्री रेशमा उरांव, श्रीमती मीनाक्षी केशरवानी, सत्यनारायण यादव, मनमोहन महिलांगे, विवेक सोनी,ऐरावत साहू , रायसागर , आर के साहू उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बीईओ ने किया परीक्षा केंद्र तालदेवरी करनौद, पोड़ीशंकर का निरीक्षण



**बिर्रा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम डी दीवान के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम मंगलवार को बारहवीं रसायन शास्त्र राजनीति विज्ञान लेखाशास्त्र पेपर में परीक्षा केंद्र तालदेवरी करनौद पोड़ीशंकर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें तीन परीक्षा केंद्र में सभी परीक्षार्थी शांति पूर्वक प्रश्न हल करते दिखाई दिए। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड रायपुर व्दारा आयोजित हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट स्कूल परीक्षा में मंगलवार 18 मार्च को कक्षा बारहवीं में रसायनशास्त्र राजनीति विज्ञान लेखाशास्त्र पेपर में ब्लाक स्तर पर गठित बीईओ एमडी दीवान के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम रितिका गबेल, ममता जायसवाल, सुशील शर्मा ने परीक्षा केंद्र पोड़ीशंकर, करनौद, तालदेवरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें 218 परीक्षार्थी प्रश्न पेपर को शांति पूर्वक हल करते पाया गया वहीं तीन परीक्षा केंद्र में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना। बीईओ एमडी दीवान अपने उड़नदस्ता टीम के साथ परीक्षा केंद्र में आधे घण्टे तक परीक्षा केंद्र में डटे रहे।

### घोराडीपा में अखंड नवधा रामायण आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम घोराडीपा के बजरंग चौक में अखंड नवधा रामायण का आयोजन बुधवार 19 मार्च को देव पूजन के साथ कथा एवं रामचरित्र मानस गायन का शुभारंभ किया जाएगा। यह 9 दिन एवं 9 रात लगातार चलेगा। व्यास आचार्य पंडित विजय शर्मा हरेठीकला वाले होंगे। इस दौरान मानस ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है जिसका फाइनल प्रतियोगिता 27 मार्च दिन गुरुवार को रात्रि 8 बजे से होगा। प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 7000 रुपए आदि रखा गया है। कथा विश्राम, चढौत्री, सहस्त्रधारा एवं पूर्णाहुति और ब्राह्मण भोज 28 मार्च दिन शुक्रवार को होगा।

### जेईई मेन्स में रितेश ने अर्जित किया 96 परसेंटाइल

**जांजगीर-चांपा।** डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल के 12वीं के छात्र रितेश पटेल पिता सतीश



पटेल ने बिना कोचिंग एवं स्वयं की मेहनत के बल पर जे.ई.ई मेन्स की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 96.66 परसेंटाइल अर्जित कर माता पिता और परिवार का नाम रोशन किया है। रितेश पटेल शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और अधिकतर समय तैयारी में ही लगाकर यह सफलता पाई है। रितेश का कहना है कि अगर मोबाइल और टीवी के स्क्रीनिंग टाइम से बचा जाए तो इससे समय का सही उपयोग होता है। संस्था के प्राचार्य रविशंकर निर्मलकर और उप प्राचार्य श्रद्धा निर्मलकर ने रितेश की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निधन

### लक्ष्मी बाई नामदेव

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं टेलर स्व. बजारी लाल नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी



बाई नामदेव का आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं उनका अंतिम संस्कार गोपिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे गिरीश नामदेव,दिनेश नामदेव एवं खोज कुमार नामदेव की मां थीं।

### देवेंद्र सिंह

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक धारी सिंह के



पुत्र एवं अमोरा धान खरीदी केंद्र प्रभारी देवेंद्र सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम लछनपुर (बाराद्वार) में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पुलिस, प्रशासन एवं आबकारी विभाग को सूचित कर कार्रवाई करने की मांग

# अवैध शराब एवं गांजा बेचने वालों के विरुद्ध लामबंद हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम चोरभट्टी थाना मुलमुला में अवैध शराब और गांजा की बिक्री के चलते ग्राम की महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए ग्राम की महिलाओं ने लामबंद होकर गांव में अवैध शराब एवं गांजा विक्रय करने वालों को समझाइए देते हुए अवैध शराब गांजा नहीं बेचे की हिदायत दी गई साथ ही अवैध शराब गांजा बेचने वालोंके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस थाने मे शिकायत की गई। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि चोर भट्टी में अवैध शराब एवं गंज का धंधा बहुत जोरो से चल रहा है जिसे गांव के असामाजिक तत्वो का संरक्षण प्राप्त है। गांव के युवा और बच्चे इसका शिकार हो रहे हैं। युवाओं एवं बच्चों की दुर्दशा को देखते देखते हुए गांव की समस्त महिलाएं एकत्रित होकर अवैध शराब एवं गांजा विक्रेताओं के खिलाप विगत एक सप्ताह से सघन अभियान चला रही हैं। महिलाओं के आंदोलन के विरुद्ध कुछ दबंग लोगो के द्वारा व्यवधान एवं अशांति फैलाया जा रहा है। जिससे गांव की मातृ शक्तियां एकत्रित होकर दारू, गांजा जैसे व्यवस्था को बंद करने हेतु आंदोलित हैं। अवैध शराब और गांजा की बिक्री करने वालों के घर में जा कर महिलाओं की टीम उसे समझाइश दे रहे हैं। इसी कड़ी में बिती रात एक ताला बंद घर में शराब के बदबू आने पर शराब होने की शंका से पुलिस प्रशासन को सरपंच के माध्यम से सूचना दिया गया। जिस पर तहसीलदार, आबकारी पुलिस ,मुलमुला थाना प्रभारी पुलिस बल सहित चोरभट्टी पहुंचे एवं ताला बंद घर को सरपंच, पंच एवं ग्रामवासीयों की उपस्थिति में ताला तोड़कर घर अंदर निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के द्वारा अवैध शराब एवं गांजा विक्रय का सबूत मिलने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात करते हुए ग्राम वासियों को समझाइश दी गई।



पुलिस को जानकारी देती महिलाएं।

## शराब के अवैध बिक्री को लेकर वार्ड की महिलाओ ने खोला मोर्चा



**देवरी सारागांव।** नगर पंचायत सारागांव के वार्ड क्रमांक 1 भाठापारा में शराब के अवैध बिक्री को लेकर महिलाओ ने मोर्चा खोल दिया है। शराब के अवैध बिक्री को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपकर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत सारागांव के वार्ड क्रमांक 1 भाठापारा में शराब के अवैध बिक्री को लेकर रविवार 16 मार्च को बडी संख्या में महिलाए एवं वार्डवासी सारागांव थाने पहुंचे। महिलाओ का कहना कि भाठापारा वार्ड क्रमांक 1 में पिछले 4 सालो से अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। जिसका असर लोगो के स्वास्थय पर पड रहा है। वही अवैध शराब की बिक्री के चलते महिलाओ का घर से निकलना मुशकिल हो जा रहा है। जिसके चलते वार्डवासियो की परेशानी बढ गई है। इस समस्या को लेकर भाठापारा की महिलाऐ रविवार को थाना पहुंचे। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी से फरियाद लगाते हुए इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालो में नगर पंचायत अध्यक्ष छबीलाल सूर्यवंशी,पार्षद श्रीमति भारती यादव, प्रबोध राठौर,सतरूपा,शांतीबाई,पार्वती,सुशीला,सहोद्रा राठौर,दुर्गा यादव आदि शामिल रहे।

# मनुष्य को उसके कर्म का फल अवश्य ही मिलता है : राजेश्री



उपस्थित लोगों को संबोधित करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ जिला प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज एक दिवसीय जांजगीर चांपा जिला प्रवास के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त श्री दूधाधारी मठ से रवाना हुए और दोपहर 2:30 बजे शिवरीनारायण मठ पहुंचे। यहां से अपराह्न 3:30 बजे रवाना होकर पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम कचंदा पहुंचकर गौरव रायसागर के यहां शोक संतप्त परिवार से सौजन्य भेंट मुलाकात कर ढांढस बंधाया। शाम 4:30 बजे उनका आगमन ग्राम अमोरा हुआ यहां पुनीराम कश्यप पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष के यहां शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ग्राम भैंसमुड़ी पहुंचकर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम भैंसदा एवं खोखरा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए यहां क्रमशः आचार्य कु. भागवीं दुबे एवं आचार्य पवन चतुर्वेदी का उन्होंने शाल श्रीफल से सम्मान किया आचार्यों ने भी शाल, श्रीफल, पुष्पघ माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त ने कहा कि- मनुष्य को अपने जीवन में कर्म का फल अवश्य ही प्राप्त होता है। इसलिए हमें निरंतर अच्छे से अच्छा कर्म करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में कमलेश सिंह, श्रवण सिंह, प्रमोद सिंह, पुनीराम कश्यप, गौरव रायसागर, रितेश सिंह, अंबिका प्रसाद पांडे, आदित्य जी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

## बहेराडीह के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ

**बहेराडीह।** बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह के ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। योजना का लाभ पाने ग्रामीण जनपद पंचायत, जिला पंचायत और कलेक्ट्रेट परिसर का चक्कर काट रहे हैं। ग्रामीणों की इस समस्या तथा जरूरतमंद लोगों को पीएम आवास योजना का नियमानुसार लाभ दिये जाने की मांग को लेकर वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक ने कलेक्टर समेत प्रदेश के सीएम को पत्र लिखा है।

किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि बलौदा ब्लॉक का सबसे पिछड़ा ग्राम पंचायत है जाटा। जहाँ के आश्रित ग्राम बहेराडीह के ग्रामीणों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सालों से आश्रित ग्राम का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीणों को तत्काल योजना से जोड़ने की मांग को लेकर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा से मुलाकात कर लिखित रूप में अवगत कराया। बहेराडीह के ग्रामीणों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर निराकरण करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर को ज्ञापन देने के तत्काल दूसरे दिन जाटा पंचायत के सचिव जमुना सिंह नेताम द्वारा पीएम आवास योजना का सर्वे रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च तक पीएम आवास योजना से वंचित लोगों का सर्वे का काम ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिवों को दी गई है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने गांव गांव में दलाल सक्रिय हैं। पीएम आवास का तत्काल लाभ दिलाने का झांसा देकर ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले लोगों से पांच से दस हजार रुपये लेने वाले दलाल सक्रिय हैं। दलाल अपने आप को उच्च अधिकारियों का खास आदमी बताते हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत जाटा के सचिव जमुना सिंह नेताम का कहना है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास की सूची में जिनका नाम छूट गई है। उनका एक बार फिर से शासन के निर्देश पर सर्वे किया जा रहा है।

## हिंदू नववर्ष व नवरात्रि के स्वागत में निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ शनि मंदिर प्रांगण में नगर के प्रबुद्धजनों की हुई बैठक

हिंदू नववर्ष और श्रीरामनवमीं मनाने के लिये नगर के सभी वर्ग से प्रबुद्धजनों की बैठक रविवार 16 मार्च को शनि मंदिर (भैरव मंदिर )भीमा तालाब के प्रांगण में आयोजित हुई।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने हिंदू नव वर्ष प्रारंभ और नवरात्रि के स्वागत के लिए 30 मार्च रविवार को प्रातः 10बजे कचहरी चौक से विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। जो कचहरी चौक से नेताजी चौक होते हुए नैला रेलवे स्टेशन से शारदा चौक होकर बरम बावा मंदिर होते हुए दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुलिस कंट्रोल के सामने समाप्त होगी। विशेषकर युवा वर्ग भजन कीर्तन के साथ में नववर्ष का हार्दिक स्वागत करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने नगर के नगर वासियों से आह्वान किया है कि वह हिंदू नव संवत्सर अवसर पर अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठान के आगे एक दीप प्रज्वलन कर नव वर्ष का स्वागत करें। बैठक में 6 अप्रैल को श्री रामनवमी जन्मोत्सव शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की तैयारी के लिए अलग-अलग लोगों के समूह को जिम्मेदारियां दी गई। शोभा यात्रा के लिए कर्मा नृत्य का दल रहेगा जिसमें 35 से 40 महिलाओं का समूह, पारंपरिक वेशभूषा में करमा नृत्य करते हुए कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान करेंगे। युवा वर्ग के लिए डीजे की व्यवस्था की गई है,जिसमे श्री राम धुन में भक्त गण आनंद के साथ नगर भ्रमण करेंगे। एक नए स्वरूप में लाइव भजन करने वाली पार्टी खुली गाड़ी में शोभा यात्रा में साथ साथ चलगी। रथ के दोनो तरफ झूमर लाईट की व्यवस्था रहेगी। शोभायात्रा में सभी वर्ग की महिलाएं पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे। बैठक में तय किया गया कि 6 अप्रैल को श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पैदल शोभायात्रा नैला रेलवे स्टेशन के पास श्री राम मंदिर से सायं 5 बजे प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में नगर के सभी महिला,पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। शोभायात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर से दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तक सड़क के दोनों किनारे स्थित मकान और दुकानों के आगे रंगोली एवं दीप प्रज्वलन से शहर को सजाया जाएगा। बैठक में रवि शंकर निर्मलकर, सत्येंद्र गोपाल, आलोक शुक्ला, गोपेश्वर कहरा ,वीरेंद्र गोपाल, मनोज पाण्डेय, मुकेश कुमार शर्मा, नवीन कुमार राठौर, प्रवीण उपाध्याय, इंद्र शर्मा, दिनेश दुबे, रमेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, शैल कुमार राठौर, निरंजन प्रसाद राठौर, संजय जयप्रकाश भोपाल पुरिया, प्रदीप कुमार तिवारी, नरेंद्र कुमार कश्यप, योगेंद्र पाण्डेय, रोहन शुक्ला, कमलेश कुमार राठौर ,कौशल महिलांगे, आशुतोष दुबे ,सिद्धांत तिवारी, शिव भानु सिंह ,उदय पाण्डेय, कार्तिक मिश्रा, संजय कसेर, अनूप मजूमदार, बोधी राम साहू, अमित गौरहा ,आकाश तिवारी , रजनीश अग्रवाल उपस्थित थे।



बैठक में चर्चा करते प्रबुद्धजन।

## महामहिम से मुलाकात.....



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका के जिला मुख्यालय जांजगीर प्रवास के दौरान जिले के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ राजेन्द्र शर्मा ने सौजन्य भेंट किया।

# बंदियों को मिला मुर्गी पालन का प्रशिक्षण

■ प्रशिक्षण पश्चात वितरित किया गया प्रमाण पत्र

बहेराडीह। बहेराडीह गांव में स्थित देश का पहला किसान स्कूल के ट्रेनर रामाधार देवांगन ने प्रदेश के कोरिया के उप जेल में 32 बंदियों को सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर महती बानरा ने बताया कि कोरिया में स्थित उप जेल में 32 बंदियों को छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के मास्टर ट्रेनर रामाधार देवांगन के द्वारा मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उन्हें पारंपरिक तरीके और वैज्ञानिक पद्धति से मुर्गी पालन करने के साथ ही उनके शारिरिक संरचना, मुर्गी आवास की ब्यवस्था, देशी और उन्नत किस्म की मुर्गी का आहार, देशी पालन हेतुमुर्गियों का चयन, अंडा सेने वाली मुर्गी की देखभाल, अंडों की कैंडलिंग अर्थात भ्रूण परीक्षण, मुर्गी चूजों की देखभाल, मुर्गियों में कृमिनाशक दवाइयों का उपयोग, मुर्गियों में बाह्य परजीवी नाशक दवाओं का उपयोग, मुर्गी में होने वाले रोग एवं टीकाकरण, मुर्गियों की अन्य बीमारियों एवं उपचार तथा मुर्गी की उन्नत नस्लों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में ईडीपी असेसर शिवराम सोनी और डोमिन असेसर इरशाद के द्वारा असेसमेंट किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में जेल अधीक्षक एस के अरविंद रजा, आरसेटी के फैकेल्टी अरुण कुमार, पूनम यादव, ऑफिस असिस्टेंट रिंकी सिंह और जेल प्रबंधन का सराहनीय योगदान रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करने पहुँची कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर सिवनी चाम्पा निवासी रामाधार देवांगन से मुलाकात कर प्रशिक्षण आधारित विषयों को लेकर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना किया। वहीं उप जेल में प्रशिक्षण ले रहे बंदियों से कलेक्टर ने चर्चा किया।



प्रशिक्षण में प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित बंदी।

### सुविधा एप के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का हुआ रजिस्ट्रेशन

**मालखरौदा।** ब्लॉक के सकर्रा सेक्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम सकर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में सम्मान सुविधा एप के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं का एफ आर एस रजिस्ट्रेशन किया गया जिसके जिसके तहत सेक्टर अंतर्गत कार्यरत 29 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 28 सहायिका का मोबाइल के माध्यम से फेस रजिस्ट्रेशन किया गया बताया जा रहा है आने वाले समय में फेस रजिस्ट्रेशन में दर्ज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं के खाते में मानदेय सीधा पहुंचेगी



## तूल पकड़ता जा रहा नवनिर्वाचित पंच की जगह उसके पति को शपथ दिलाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रा भाटा में वार्ड क्रमांक 7 से निर्वाचित पंच गीत सिदार के जगह उसके पंच पति जीवनलाल को शपथ दिलाने का मामला तूल पकड़ता चला जा रहा है। इस मामले में पंचायत सचिव को निलंबित कर पंच गीता को पद से पृथक किया जाने की मांग को लेकर संतोषी नेताम ने 11 मार्च को कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है।

श्रीमती संतोषी ने कहा कि जब नियमों के जानकार नियमों की धज्जियां उड़ाने लग जाए और ऐसे कर्मचारी को जिम्मेदार अधिकारी संरक्षण प्रदान करें तो प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह अंकित होना स्वाभाविक है। छत्तीसगढ़ राज्य के दूसरे जिले में ऐसे लापरवाही पर सचिव के खिलाफ तुरंत निलंबन की कार्रवाई की जाती है परंतु हमारे जिले में जांच के नाम पर संरक्षण प्रदान किया जाता है। सचिव 15 वर्षों से ग्राम पंचायत दर्रा भाटा में पदस्थ हैं, जिसके खिलाफ वित्तीय अनियमितता के मामले को लेकर अनेकों बार शिकायत की गई परंतु विभागीय अधिकारियों के संरक्षण के चलते उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई आज तक नहीं हुआ जिसके चलते उसके हौसले बुलंद है। इस गंभीर मामले में जिला प्रशासन से न्याय की उम्मीद है।



## दो दिवसीय वातावरण निर्माण समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण आयोजित

**पामगढ़।** बीआरसी भवन पामगढ़ में दो दिवसीय वातावरण निर्माण समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ मोहन कौशिक के द्वारा किया गया। मास्टर ट्रेनर रामायण कुर्रे बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर सनित कुमार थे। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को बाधा रहित उचित वातावरण निर्माण देते हुए सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करना बताया गया। साथ ही वर्तमान में भारत सरकार द्वारा 21 प्रकार के दिव्यांगता को विस्तार से बताया गया एवं शासन की विभिन्न योजनाओं को भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में प्रारंभिक स्तर से 100 शिक्षक एवं माध्यमिक स्तर से 30 शिक्षक को बुलाया गया था।



online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई ,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport